**दिनांक 28.03.2025 को श्री कुंदन कुमार, भा0प्र0से0 जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्णिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित स्वास्थ्य विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थिति -यथा पंजी।

बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी।

- समीक्षा के प्रारंभ में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को सूचित किया गया कि मुख्य सचिव महोदय बिहार सरकार पटना के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में अवगत कराया गया कि सभी स्वास्थ्य सूचकांको में जिले की उपलब्धि में कमी हुई है। विशेषकर भाव्या (BHAVYA) ऐप कार्यक्रम में राज्य में जिला 38वें (अंतिम) स्थान पर है, जो कि अत्यंत ही खेदजनक है। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को व्यक्तिगत अभिरूचि लेते हुए सभी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु निदेशित किया गया, जिससे कि आगामी माह से उपलब्धि में अपेक्षित वृद्धि हो सके। निदेश का अनुपालन नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। (अनुपालन- सभी प्रखण्ड साम0 उत्प्रेरक/प्रखण्ड स्वा0 प्रबंधक/अस्पताल प्रबंधक/प्रभारी चि0 पदा0/ उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला)
- सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को निदेशित किया गया कि कार्यक्रमवार सूचकांकों की सूची तैयार करें तथा सूची के अनुरूप, वैसे कार्यक्रम जिनमें संस्थान की उपलब्धि कम है, उसमें वृद्धि हेतु आवश्यक अग्रतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। आगामी माह से सभी कार्यक्रम की उपलब्धि में अनिवार्य रूप से वृद्धि होनी चाहिए। (अनुपालन- सभी प्रखण्ड सामु0 उत्प्रेरक/प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/अस्पताल प्रबंधक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला)
- स्वास्थ्य संस्थान में चिकित्सक अनिवार्य रूप से ओ0पी0डी0/आपातकालीन सेवा हेतु निर्धारित कार्यतालिका के अनुसार कर्तव्य पर उपस्थित रहें, इसे सुनिश्चित कराने का निदेश सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला को दिया गया। (अनुपालन-सभी प्रखण्ड स्वा0 प्रबंधक/अस्पताल प्रबंधक/प्रभारी चि0 पदाधिकारी/उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला)
- पूर्व की बैठकों में संस्थान स्तर पर रोको-टोको अभियान हेतु निदेशित किया गया था। संस्थान स्तर पर उक्त के क्रियान्वयन में शिथिलता बरती जा रही है। उक्त पर क्षोभ प्रकट करते हुए रोको-टोको अभियान संचालित करने के लिए सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को निदेश दिया गया। (अनुपालन- सभी प्रखण्ड सामु0 उत्प्रेरक/प्रखण्ड स्वा0 प्रबंधक/अस्पताल प्रबंधक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला)

1. **<u>ओ0पी0डी0 -</u>**

- माह फरवरी 2025 में ओ0पी0डी0 सूचकांक में जिले के उपलब्धि 80% पायी गयी। स्वास्थ्य संस्थान बनमनखी, गुलाबबाग, भवानीपुर, माताचौक, धमदाहा एवं मधुबनी के द्वारा मात्र क्रमशः 50%, 61%, 63%, 64%, 64% एवं 67% उपलब्धि प्राप्त की गयी है, जो असंतोषप्रद है। शेष अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के द्वारा 70% अथवा उससे अधिक उपलब्धि प्राप्त की गयी है।
- स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सकवार ओ0पी0डी0 की समीक्षा में पाया गया कि डॉ0 आकांक्षा कुमारी - अमौर, डॉ0 सबुही नसरीन- बैसा एवं डॉ0 अंकिता कुमारी-बायसी के द्वारा माह फरवरी 2025 में एक भी रोगी की चिकित्सा नहीं की गयी है। इस संबंध में पृच्छा किये जाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमौर के द्वारा बताया गया कि डॉ0 अंकिता प्रायः अनुपस्थित रहती है, जिस कारण उपलब्धि कम है। उक्त पर रोष प्रकट करते हुए डॉ0 आकांक्षा के विरूद्ध कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया। डॉ0 सबुही नसरीन एवं डॉ0 अंकिता कुमारी के संबंध में संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा क्रमशः चाइल्ड केयर लीव तथा अध्ययन अवकाश में होने की जानकारी दी गयी।
- अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी अन्तर्गत कार्यरत डॉ0 रजत रोहन एवं डॉ0 अभिदीप कुमार की विगत तीन माहों की उपलब्धि, अन्य चिकित्सकों की तुलना में कम पायी गयी। इस संबंध में कारण पृच्छा किये जाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बनमनखी के द्वारा बताया गया कि डॉ0 रजत रोहन जिला स्तर पर दिव्यांगजन हेतु आयोजित UDID कैम्प

में कार्य करते हैं। डॉ0 अभिदीप कुमार के द्वारा अपने कार्य में समुचित रूचि नहीं लिये जाने के कारण उपलब्धि कम है। सिविल सर्जन पूर्णिया को डॉ0 अभिदीप कुमार के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया।

- अनुमंडलीय अस्पताल धमदाहा में डॉ0 रंजीत रंजन को छोड़कर शेष अन्य सभी चिकित्सकों की उपलब्धि कम पायी गयी। उक्त पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं सिविल सर्जन को निदेशित किया गया कि अनु0 अस्पताल धमदाहा का औचक निरीक्षण कर 'चिकित्सकों (डॉ0 रंजीत रंजन को छोड़कर) की उपलब्धि में किस परिस्थिति में कमी हुई है', के संबंध में जांच करना सुनिश्चित करें। (अनुपालन- जिला कार्यक्रम प्रबंधक/सिविल सर्जन पूर्णिया)।
- डॉ0 स्यान अहमद, सामु0 स्वा0 केन्द्र कसबा की उपलब्धि विगत माहों की तुलना में माह फरवरी 2025 में काफी कम पायी गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कसबा के द्वारा बताया गया कि अध्ययन अवकाश पर चले जाने के कारण डॉ0 स्यान अहमद की उपलब्धि में कमी हुई है।
- स्वास्थ्य संस्थान श्रीनगर अन्तर्गत प्रति चिकित्सक द्वारा देखे गये रोगियों की संख्या में, डॉ0 मुकेश कुमार गुप्ता को छोड़कर शेष अन्य सभी चिकित्सकों की उपलब्धि असंतोषजनक पायी गयी। इस संदर्भ में कारण पृच्छा किये जाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी श्रीनगर के द्वारा बताया गया कि संस्थान में आयुष चिकित्सक सहित मात्र 06 चिकित्सक कार्यरत हैं। जिस कारण उपलब्धि में कमी हुई है। उक्त पर असंतोष व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी श्रीनगर को निदेशित किया गया कि Overall OPD की उपलब्धि असंतोषप्रद है, इसमें अपेक्षित सुधार करना सुनिश्चित करें। (अनुपालन- प्रभारी चि0 पदाधिकारी श्रीनगर)
- बैठक के क्रम में कहा गया कि कुछ चिकित्सक अपने दायित्वों का अच्छा निर्वहन कर रहें है, किन्तु कुछ चिकित्सकों के द्वारा समुचित रूचि नहीं लिये जाने के कारण पूरे जिले की उपलब्धि प्रभावित हो रही है। आगामी माह से न्यूनतम प्रदर्शन/उपलब्धि वाले चिकित्सकों को चिन्हित कर समीक्षात्मक बैठक में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। (अनुपालन - जिला अनुश्रवण एवं मू0 पदा0/जिला कार्यक्रम प्रबंधक/सिविल सर्जन, पूर्णिया)
- In-Patient Head Count at Midnight में जिले की उपलब्धि 98% पायी गयी। वर्णित सूचकांक में स्वास्थ्य संस्थान रूपौली, भवानीपुर एवं जी0एम0सी0एच0 की उपलब्धि अपेक्षाकृत कम पायी गयी।
- सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला को निदेशित किया गया कि संस्थान में उपलब्ध मानव बल एवं अन्य संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए 24X7 आधार पर अस्पताल में आवश्यक दवा एवं अन्य चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराते हुए ओ0पी0डी0/आई0पी0डी0 सूचकांक में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करें। (अनुपालन- सभी प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/अस्पताल प्रबंधक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला)

2. <u>टेलीमेडिसीन -</u>

- टेलीमेडिसीन की समीक्षा में पाया गया कि जिला अन्तर्गत कुल 41 HUB पंजीकृत है, जिनमें से 28 कार्यरत है तथा कुल 473 Spoke पंजीकृत एवं कार्यरत है। टेली कन्सलटेंसी हेतु निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध माह फरवरी 2025 में 48% उपलब्धि प्राप्त हुई है। टेलीकन्सलटेंसी में राज्य में जिला का 34वाँ स्थान है, जो कि अत्यंत ही असंतोषजनक है। टेली कंसलटेंसी कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु नोडल पदाधिकारी के संबंध में पृच्छा की गयी। सिविल सर्जन पूर्णिया के द्वारा बताया गया कि वर्णित कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु राज्य स्तर से जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है तथा जिला योजना समन्वयक के द्वारा उन्हें कार्य में आवश्यक सहयोग किया जाना है।
- टेलीमेडिसीन कार्यक्रम में असंतोषजनक उपलब्धि का कारण पृच्छा किये जाने पर विभिन्न प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक के द्वारा बताया गया कि HUB के चिकित्सकों के द्वारा कार्य में सहयोग नहीं करने के कारण उपलब्धि में गिरावट हुई है। जिला योजना समन्वयक पूर्णिया को निदेशित किया गया कि टेली कन्सल्टेंसी में न्यूनतम 05 एवं उत्कृष्ट 05 प्रदर्शन वाले चिकित्सकों को चिन्हित करते हुए आगामी बैठक में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करायेंगे। (अनुपालन - जिला योजना समन्वयक, पूर्णिया)
- स्वा0 उपकेन्द्र स्तर पर टेली कन्सलटेंसी के समयावधि एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में चर्चा की गयी। चर्चा के क्रम में विभिन्न प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि स्वा0 उपकेन्द्र स्तर पर प्रातः 09:00 बजे से अप0

03:00 बजे तक टेली कन्सलटेंसी सुविधा प्रदान की जाती है तथा कर्तव्य पर उपस्थित सी0एच0ओ0/ए0एन0एम0 के द्वारा उपस्थित रोगियों के बुखार, बी0पी0, ब्लड सुगर एवं हिमोग्लोबिन की जांच की जाती है।

- सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक पूर्णिया जिला को निदेशित किया गया कि टेलीमेडिसीन कार्यक्रम को उच्च प्राथमिकता देते हुए इसका क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। पूर्व के बैठकों में भी इस संबंध में निदेशित किया गया है किन्तु उपरोक्त उपलब्धि से स्पष्ट है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक के साथ-साथ क्षेत्रीय कर्मियों/चिकित्सकों के द्वारा कार्यक्रम के क्रियान्वयन में समुचित अभिरूचि नहीं ली जाती है, जो कि गम्भीर विषय है। आगामी माह से पूर्ण अभिरूचि के साथ कार्यक्रम का क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बरते जाने की स्थिति में संबंधित कर्मी के साथ-साथ संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक के विरूद्ध भी आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। (अनुपालन-सभी सी0एच0ओ0/जिला योजना समन्वयक/प्रभारी चि0 पदाधिकारी/ उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला)
- जिला योजना समन्वयक एवं जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि कार्यक्रम का दैनिक रूप से गहन अनुश्रवण करते हुए शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्ति हेतु अग्रतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे तथा कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मी को चिन्हित करेंगे। सिविल सर्जन के द्वारा उक्त चिन्हित कर्मियों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। जिला योजना समन्वयक को आगामी बैठक से टेली कन्सलटेंसी से संबंधित विशिष्ट प्रतिवेदन (specific data) समर्पित करने का निदेश दिया गया, ताकि विस्तृत समीक्षा की जा सके। (अनुपालन- जिला योजना समन्वयक/जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी/सिविल सर्जन, पूर्णिया)

3. <u>प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA)</u>

- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अवसर पर स्वास्थ्य संस्थान भवानीपुर, धमदाहा, जलालगढ़, बायसी, के0 नगर एवं कसबा में गर्भवती महिलओं की उपस्थिति संतोषप्रद पायी गयी। शेष अन्य सभी संस्थानों की उपलब्धि असंतोषप्रद पायी गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि PMSMA दिवस के अवसर पर स्वा0 संस्थान मधुबनी, पूर्णिया सिटी, गुलाबबाग, माता स्थान, माधोपाड़ा, पूर्णिया कोर्ट, रूपौली, बैसा एवं श्रीनगर में औसतन मात्र क्रमशः 6, 9, 11, 12, 14, 16, 41, 42 एवं 44 गर्भवती महिलाओं की उपस्थिति पायी गयी, जो काफी खेदजनक है।
- उपरोक्त उपलब्धि पर रोष प्रकट करते हुए संबंधित प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से कारण स्पष्ट करने हेतु कहा गया। प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक बैसा के द्वारा बताया गया कि पूर्व में औसतन 50 से अधिक गर्भवती महिलाऐं PMSMA दिवस पर उपस्थित रहती थी, विगत कुछ समय से उपलब्धि में कमी परिलक्षित हुई है। आगामी माह से सुधार कर लिया जायेगा। शेष अन्य के द्वारा कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया।
- सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को निदेशित किया गया कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना के निदेशानुसार PMSMA दिवस का आयोजन करते हुए अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करायें ताकि कार्यक्रम के उद्देश्य की प्राप्ति हो सके। (अनुपालन- सभी प्रखण्ड सामु0 उत्प्रेरक/प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/ अस्पताल प्रबंधक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला)

4. <u>संस्थागत प्रसव -</u>

- संस्थागत प्रसव में माह फरवरी 2025 में जिले की औसत उपलब्धि निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 93% पायी गयी। स्वास्थ्य संस्थान धमदाहा (65%), बी0 कोठी (66%) एवं अमौर (69%) को छोड़कर शेष संस्थानों की उपलब्धि अपेक्षाकृत संतोषप्रद है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी धमदाहा, बी0 कोठी एवं अमौर को आगामी माह से शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को आगामी माह से संस्थागत प्रसव अंतर्गत शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु अग्रतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। (अनुपालन- सभी प्रखण्ड सामु0 उत्प्रेरक/प्रखण्ड स्वा0 प्रबंधक/अस्पताल प्रबंधक/प्रभारी चि0 पदाधिकारी/ उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला)
- माह फरवरी 2025 में निजी क्षेत्र के 78 स्वास्थ्य संस्थान/अस्पतालों में से 66 निजी स्वास्थ्य संस्थानों के द्वारा कुल 767 संस्थागत प्रसव प्रतिवेदित किया गया, जिनमें से कुल 563 प्रसव सी0-सेक्शन के माध्यम से हुए हैं।

5. **Still Birth Audit -**

- माह फरवरी 2025 में कुल 70 स्टील बर्थ पाया गया, जो कुल संस्थागत प्रसव का 11% है। कुल 70 स्टील बर्थ में से 11-Fresh तथा 59- Macerated केस थे। कुल 70 स्टील बर्थ के विरूद्ध स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा 66 स्टील बर्थ ऑडिट सम्पादित किया गया है।
- सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को निदेशित किया गया कि स्टील बर्थ में कमी लाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, साथ ही प्रखण्ड अन्तर्गत प्रत्येक स्टील बर्थ का ऑडिट करना सुनिश्चित करें तथा ऑडिट में पाये गये तथ्यों के आधार पर संख्या में कमी लाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। साथ-साथ क्षेत्र/समुदाय स्तर पर हो रहे मातृ मृत्यु के कारणों की समीक्षा तथा उसके बचाव हेतु मातृ मृत्यु ऑडिट करना सुनिश्चित करें। (अनुपालन- सभी प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/अस्पताल प्रबंधक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक/सिविल सर्जन)

6. **नियमित टीकाकरण -**

- नियमित टीकाकरण अन्तर्गत बी०सी०जी० सूचकांक में जिले की उपलब्धि 103% पायी गयी। स्वास्थ्य संस्थान बी० कोठी (74%) एवं के० नगर (76%) को छोड़कर शेष अन्य सभी संस्थानों की उपलब्धि संतोषप्रद पायी गयी। ओ०पी०भी०-ओ० सूचकांक में स्वा० संस्थान के० नगर (69%), बी० कोठी (71%), धमदाहा (71%) एवं भवानीपुर (77%) को छोड़कर शेष अन्य सभी संस्थानों की उपलब्धि संतोषजनक पायी गयी। HB-0 टीकाकरण में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध जिले की उपलब्धि शत-प्रतिशत है।
- Penta I & III सूचकांक में जिले की उपलब्धि निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत पायी गयी। पूर्ण टीकाकरण में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 95% उपलब्धि प्राप्त हुई है। स्वा० संस्थान भवानीपुर (75%) एवं रूपौली (75%) की उपलब्धि अपेक्षाकृत कम है। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को प्रतिरक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्ति हेतु निदेशित किया गया। (अनुपालन- सभी प्रखण्ड सामु० उत्प्रेरक/प्रखण्ड स्वा० प्रबंधक/अस्पताल प्रबंधक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी /उपाधीक्षक/जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, पूर्णिया जिला)

7. **डिस्ट्रिक्ट फेमिली प्लानिंग इण्डेमिनिटी -सब- कमिटि -**

- उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि श्रीमति आँचल देवी पति-श्री अभिनंदन शर्मा, उम्र- 26 वर्ष, कचहरी बलुआ, बनमनखी, जिला- पूर्णिया का दिनांक 15.07.24 को अप० 03:00 बजे अनु० अस्पताल बनमनखी में परिवार नियोजन ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के पश्चात मरीज की स्थिति सामान्य थी। दिनांक 16.07.2024 को पूर्वा० 12.37 बजे के आस-पास श्रीमति आँचल देवी का स्वास्थ्य अचानक खराब होने के कारण उनकी मृत्यु हो गयी। मृत्यु के आलोक में दिनांक 31.07.24 को त्रिसदस्यीय जाँच दल डॉ० आर० पी० मण्डल, DVBDCO, डॉ० बागेश्वर कुमार, सर्जन धमदाहा तथा डॉ० प्रियंका सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ के० नगर के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। जाँच में मृत्यु का कोई स्पष्ट कारण के संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं हुई। स्वास्थ्य संस्थान बनमनखी स्तर से सभी प्रकार की चिकित्सीय सुविधा ससमय उपलब्ध करायी गयी थी।
- जिला स्तरीय जाँच टीम के प्रतिवेदन के आलोक में परिवार नियोजन इण्डेमिनिटी योजना के प्रावधान अनुसार स्व० आँचल देवी के आश्रितों को आर्थिक लाभ/अनुदान हेतु अग्रतर कार्रवाई के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना को अनुशंसा भेजने का निर्णय लिया गया। (अनुपालन- जिला सामु० उत्प्रेरक/सिविल सर्जन, पूर्णिया)

8. **अन्यान्य -**

- समीक्षा के क्रम में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को निदेशित किया गया कि जिला अन्तर्गत एन०सी०डी० स्क्रीनिंग की उपलब्धि अत्यंत असंतोषजनक है। अतः विभागीय निदेशानुसार कैम्प मोड में अधिक से अधिक व्यक्तियों का स्क्रीनिंग कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित करें। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पूर्णिया कोर्ट के द्वारा बताया गया कि उनके पोषक क्षेत्र अन्तर्गत कैम्प मोड में 30+ आयु वर्ग के व्यक्तियों का एन०सी०डी० स्क्रीनिंग किया जा रहा है। अद्यतन 5607 व्यक्तियों का एन०सी०डी० स्क्रीनिंग किया गया है। उक्त कैम्प आयोजन के संबंध में जिला स्तर पर सूचना होने संबंधी पृच्छा किये जाने पर जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी/वित्त एवं लॉजिस्टिक सलाहकार के द्वारा कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया।

- आगामी 14 अप्रैल (डॉ0 भीमराव अम्बेडकर) जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। उक्त अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ चेकअप कैम्प आयोजित करने का निदेश सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को दिया गया। सभी क्रियाशील स्वा0 उपकेन्द्र पर 10 दिनों के लिए उक्त हेल्थ चेकअप कैम्प आयोजित किया जायेगा। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को निदेशित किया गया कि महादलित टोलों को, नजदीकी स्वास्थ्य उपकेन्द्र के साथ टैग करते हुए कैम्प आयोजन हेतु सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार करना सुनिश्चित करें तथा कार्ययोजना के अनुरूप अधिक से अधिक व्यक्तियों (विशेषकर महादलित महिलाओं) का स्वास्थ्य जाँच करना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य जाँच के क्रम में रोगियों को सभी प्राथमिक जाँच यथा-बी0पी0, ब्लड सुगर, हिमोग्लोबिन, नेत्र जाँच, आदि की सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाय। (अनुपालन- सभी प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक/प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/अस्पताल प्रबंधक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला)
- सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को यह भी निदेशित किया गया कि एन0सी0डी0 कार्यक्रम अन्तर्गत पूर्णिया जिला की स्थिति राज्य में (32वें स्थान के साथ) अत्यंत ही असंतोषजनक है। अतः उक्त अभियान को सफल बनाते हुए एन0सी0डी0 कार्यक्रम अन्तर्गत अपेक्षित उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

<u>तत्पश्चात सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।</u>

(कुंदन कुमार)
जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष,
जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्णिया।

ज्ञापांक 88 दिनांक 17/04/2025

प्रतिलिपि - सभी प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक/ प्रखण्ड लेखापाल/एफ0आर0यू0 लेखापाल/प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/अस्पताल प्रबंधक, पूर्णियाँ जिला को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - प्रतिनिधि, यूनिसेफ/डब्लू0एच0ओ0,पूर्णिया जिला को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - सभी समन्वयक, जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - जिला भेक्टर बॉर्न डिजीज नियंत्रण पदाधिकारी पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - जिला संचारी रोग पदाधिकारी पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0 पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - अधीक्षक, जी0एम0सी0एच0 पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चि0 पदाधिकारी, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाऐं, पूर्णिया प्रमण्डल पूर्णिया को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - उप विकास आयुक्त पूर्णिया को सूचनार्थ प्रेषित।

जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष,
जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्णिया।

- आगामी 14 अप्रैल (डॉ0 भीमराव अम्बेडकर) जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। उक्त अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ चेकअप कैम्प आयोजित करने का निदेश सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को दिया गया। सभी क्रियाशील स्वा0 उपकेन्द्र पर 10 दिनों के लिए उक्त हेल्थ चेकअप कैम्प आयोजित किया जायेगा। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को निदेशित किया गया कि महादलित टोलों को, नजदीकी स्वास्थ्य उपकेन्द्र के साथ टैग करते हुए कैम्प आयोजन हेतु सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार करना सुनिश्चित करें तथा कार्ययोजना के अनुरूप अधिक से अधिक व्यक्तियों (विशेषकर महादलित महिलाओं) का स्वास्थ्य जाँच करना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य जाँच के क्रम में रोगियों को सभी प्राथमिक जाँच यथा-बी0पी0, ब्लड सुगर, हिमोग्लोबिन, नेत्र जाँच, आदि की सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाय। (अनुपालन- सभी प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक/प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/अस्पताल प्रबंधक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला)
- सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक को यह भी निदेशित किया गया कि एन0सी0डी0 कार्यक्रम अन्तर्गत पूर्णिया जिला की स्थिति राज्य में (32वें स्थान के साथ) अत्यंत ही असंतोषजनक है। अतः उक्त अभियान को सफल बनाते हुए एन0सी0डी0 कार्यक्रम अन्तर्गत अपेक्षित उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

तत्पश्चात सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

12/4

(कुंदन कुमार)
जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष,
जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्णिया।

ज्ञापांक 88 दिनांक 17/04/2025।

प्रतिलिपि - सभी प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक/ प्रखण्ड लेखापाल/एफ0आर0यू0 लेखापाल/प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/अस्पताल प्रबंधक, पूर्णियाँ जिला को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - प्रतिनिधि, यूनिसेफ/डब्लू0एच0ओ0,पूर्णिया जिला को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - सभी समन्वयक, जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/उपाधीक्षक, पूर्णिया जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - जिला भेक्टर बॉर्न डिजीज नियंत्रण पदाधिकारी पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - जिला संचारी रोग पदाधिकारी पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0 पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - अधीक्षक, जी0एम0सी0एच0 पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चि0 पदाधिकारी, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि - क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाऐं, पूर्णिया प्रमण्डल पूर्णिया को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - उप विकास आयुक्त पूर्णिया को सूचनार्थ प्रेषित।

जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष,
जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्णिया।

ज्ञापांक 88 दिनांक 17/04/2025।

प्रतिलिपि - आयुक्त पूर्णिया प्रमण्डल पूर्णिया को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि - कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि - अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, सरकार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष,
जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्णिया।